आजा श्याम प्यारे मेरा दिल तरसे,

आजा श्याम प्यारे मेरा दिल तरसे,
श्याम के मिलन को दिल तरसे,

याद आये श्यामा तूने चूड़ी पहनाई थी,
चूड़ी जब खनके तो दिल मेरा तरसे,
चूड़ी को देख देख दिल तरसे,
आजा श्याम प्यारे मेरा दिल तरसे........

याद आये श्यामा तूने झूले झुलाये थे,
संग संग बेठ के आनंद पाए थे,
झुला जब देखू तो आंख झलके,
झूले को देख देख दिल तरसे,
आजा श्याम प्यारे मेरा दिल तरसे.........

याद आये श्यामा तूने माखन खिलाया था,
माखन में ढेर सारा प्यार मिलाया था,
माखन जब देखू प्यार बरसे,
माखन को देख देख दिल तरसे,
आजा श्याम प्यारे मेरा दिल तरसे........

याद आये श्यामा तूने रास रचाई थी,
मीठी मीठी धुन वाली बांसुरी बजाई थी,
बांसुरी जो देखू तो दिल तरसे,
बांसुरी को देख देख दिल तरसे,
आजा श्याम प्यारे मेरा दिल तरसे........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2659/title/aaja-shyam-pyare-mera-dil-tarse-shyam-ke-milan-ko-dil-tarse

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |